हर पूनम को दादा मैं नाकोड़ा आऊँगा

हर पूनम को दादा,
मैं नाकोड़ा आऊँगा,
नाकोड़ा नगरी आकर,
तुझे भजन सुनाऊँगा।bd।

तर्ज – तू किरपा कर बाबा।

चाहें जितनी लंबी,
लाइन में लगा देना,
हे दादा मुझको तू,
भक्तो से मिला देना,
लाइन में खड़े होकर,
तेरी आरती गाना है,
नाकोड़ा नगरी आकर,
तुझे भजन सुनाऊँगा।bd।

तुझे भजनों से दादा,
हम खूब रिझाएंगे,
झूमेंगे नाचेंगे,
हम खुशियाँ मनाएँगे,
तेरी प्यारी मूरत को,
मैं दिल मे बसाउँगा,
दरबार तेरे आकर,
मैं भजन सुनाऊँगा।bd।

ऐसी कृपा कर दे,
हर पूनम आता रहूँ,
तेरे कृपा को दादा,
जीवन भर गाता रहुँ,
'दिलबर' तेरे भजनों को,
सुरों से सजाऊँगा,
'संयम' कहे दादा तुझे,
भूल न पाउँगा।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी आपके मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com
हर पूनम को दादा,

मैं नाकोड़ा आऊँगा,
नाकोड़ा नगरी आकर,
तुझे भजन सुनाऊँगा।bd।

गायक – संयम नाबेड़ा हैदराबाद।
रचनाकार – दिलीप सिंह सिसोदिया 'दिलबर'।
नागदा जक्शन म.प्र. 9907023365

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com